PG (CBCS) ODD SEMESTER EXAMINATION, 2022

HINDI
3rd Semester

COURSE NO. HINCC – 302

(Adhunik Kavya - Chhayavad Tak)

Full Marks : 70
Pass Marks : 28

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दें

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए $7\times2 = 14$

क. अंगरेजी पढ़ि के जदपि सब गुन होत प्रवीन ।
पै निज भाषा ज्ञान बिन रहत हीन के हीन ।।
निज भाषा उन्नति अहे सब उन्नति को मूल ।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल ।।

ख. है कार्य ऐसा कौन सा साधे न जिसको एकता
देती नहीं अद्भुत अलौकिक शक्ति जिसको एकता
दो एक एकादश हुए किसने नहीं देखे सुने
हाँ शुन्य के भी योग से हैं अंक होते दस गुने ।

ग. हे अभाव की चपल बालिके
री ललाट की खल रेखा
हरी भरी सी दौड़धूप, ओ
जल-माया की चल रेखा ।

घ. तू गई स्वर्ग क्या यह विचार
जब पिता करेंगे मार्ग पार
यह, अक्षम अति, तब मैं सक्षम
तारुँगी कर गह दुस्तर तम

ङ. जो तुम आ जाते एक बार
कितनी करूणा कितने संदेश
पथ में बिछ जाते बन पराग
गाता प्राणों का तार तार
अनुराग भरा उन्माद राग ।

2. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की साहित्यिक अवदानों का उल्लेख कीजिए । 14

अथवा

भारत-भारती के 'उद्बोधन खण्ड' के विविध आशयों पर प्रकाश डालिए ।

3. कामायनी के 'चिन्ता' सर्ग की समीक्षा कीजिए। 14

अथवा

पठित रचनाओं के आधार पर निराला के भाव-बोध पर विचार कीजिए ।

4. सुमित्रानंदन पंत की प्रकृति विषयक कविताओं की समीक्षा कीजिए। 14

अथवा

महादेवी वर्मा के काव्य में अभिव्यक्त दुःख के स्वरूप पर विचार कीजिए ।

5. रश्मिरथी के आधार पर कर्ण का चरित्रांकन कीजिए । 14

अथवा

हरिवंश राय 'बच्चन' की काव्य-संवेदना की विवेचना कीजिए ।

★★★